भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. 2436

सोमवार, 18 दिसम्बर, 2023/27 अग्रहायण, 1945 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

राजस्थान में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए निधि का आवंटन

2436. श्री अर्जुन लाल मीणा:

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या राजस्थान में पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए पर्यटन स्थलों के विकास के लिए सरकार ने निधि आवंटित/व्यय की है;

(ख) यदि हां, तो सरकार द्वारा उदयपुर जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने तथा पर्यटन स्थलों के विकास के लिए वर्ष-वार, कार्य-वार आवंटित/व्यय की गई निधि का ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) से (ग): पर्यटन मंत्रालय ने अपनी 'स्वदेश दर्शन', 'तीर्थस्थल जीर्णोद्धार और आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान संबंधी राष्ट्रीय मिशन' (प्रशाद) और 'पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए केन्द्रीय एजेंसियों को सहायता' नामक योजनाओं के अंतर्गत राजस्थान राज्य सहित देश में पर्यटन संबंधी अवसंरचना के विकास के लिए राज्य सरकारों/केन्द्रीय एजेंसियों को वित्तीय सहायता प्रदान की है।

आतिथ्य सहित घरेलू संवर्धन और प्रचार (डीपीपीएच) योजना के अंतर्गत मेलों/महोत्सवों और पर्यटन संबंधी कार्यक्रमों के आयोजन के लिए भी राजस्थान राज्य सरकार को वित्तीय सहायता प्रदान की गई है।

राजस्थान राज्य में उपर्युक्त योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं और जारी की गई राशि का ब्यौरा अनुबंध में दिया गया है।

पर्यटन मंत्रालय ने अपनी स्वदेश दर्शन योजना के तहत वर्ष **2017-18** में **70.61** करोड़ रुपये की राशि से राजस्थान में "राजसमंद (कुंभलगढ़ किला) - जयपुर (जयपुर और नाहरगढ़ किले के अग्रभाग में प्रकाश व्यवस्था) - झालावाड़ (गागरोन किला) - चित्तौड़गढ़ (चित्तौड़गढ़ किला) - जैसलमेर (जैसलमेर किला) - हनुमानगढ़ (गोगामेड़ी) - उदयपुर (प्रताप गौरव केंद्र) - धौलपुर (बाग-ए-नीलोफोर और पुरानी छावनी) - नागौर (मीरा बाई स्मारक मेड़ता) टोंक

(सुनहरी कोठी) का विकास" नामक एक परियोजना को विरासत परिपथ के रूप में स्वीकृति दी है। इस परियोजना के एक भाग के रूप में, प्रताप गौरव केंद्र, उदयपुर के लिए **7.16** करोड़ रुपये के घटक स्वीकृत किए गए थे। इस परियोजना के अब भौतिक रूप से पूर्ण होने की सूचना मिली है।

इसके अतिरिक्त, पर्यटन मंत्रालय राजस्थान राज्य के पर्यटन गंतव्यों सहित भारत का समग्र रूप से संवर्धन करता है। राजस्थान के पर्यटन स्थलों को मंत्रालय की आधिकारिक वेबसाइट - www.incredibleindia.org के साथ-साथ मंत्रालय के सोशल मीडिया हैंडल के माध्यम से भी बढ़ावा दिया जाता है।

****

अनुबंध

श्री अर्जुन लाल मीणा द्वारा राजस्थान में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए निधि का आवंटन के संबंध में दिनांक 18.**12**.202**3** को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न संख्या 2436 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में विवरण

स्वदेश दर्शन योजना (करोड़ रुपये में)

क्र सं	राज्य	परिपथ/स्वीकृति वर्ष	परियोजना का नाम	स्वीकृत राशि	जारी की गई राशि
1.	राजस्थान	मरुस्थल परिपथ 2015-16	सांभर लेक टाउन और अन्य स्थलों का विकास	50.01	50.01
2.	राजस्थान	कृष्णा परिपथ 2016-17	गोविंद देव जी मंदिर (जयपुर), खाटू श्याम जी (सीकर) और नाथद्वारा (राजसमंद) का विकास	75.80	72.01
3.	राजस्थान	आध्यात्मिक परिपथ 2016-17	आध्यात्मिक परिपथ - 'चूरू (सालासर बालाजी) - जयपुर (श्री समोदके बालाजी, घाटके बालाजी, बंदेके बालाजी)- विराटनगर (बीजक, जैननेसिया, अंबिका मंदिर)- भरतपुर (कामां क्षेत्र)-धौलपुर (मुचकुंड) - मेहंदीपुर बालाजी- चित्तौड़गढ़ (सांवलियाजी) का विकास	87.05	72.23
4.	राजस्थान	विरासत परिपथ 2017-18	राजसमंद (कुंभलगढ़ किला) - जयपुर (जयपुर और नाहरगढ़ किले के अग्रभाग में प्रकाश व्यवस्था) - झालावाड़ (गागरोन किला) - चित्तौड़गढ़ (चित्तौड़गढ़ किला) - जैसलमेर (जैसलमेर किला) - हनुमानगढ़ (गोगामेड़ी) - उदयपुर (प्रताप गौरव केंद्र) - धौलपुर (बाग-ए-नीलोफोर और पुरानी छावनी) - नागौर (मीरा बाई स्मारक, मेड़ता) - टोंक (सुनहरी कोठी) का विकास	70.61	66.99

प्रशाद योजना (करोड़ रुपये में)

क्र सं	राज्य	परियोजना का नाम	स्वीकृति का वर्ष	अनुमोदित लागत	जारी की गई राशि
1.	राजस्थान	पुष्कर/अजमेर का एकीकृत विकास	2015-16	32.64	26.11

पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए केन्द्रीय एजेंसियों को सहायता योजना

(करोड़ रुपये में)

क्र सं	राज्य	परियोजनाओं के नाम	वर्ष	केंद्रीय एजेंसी	स्वीकृत राशि	जारी की गई राशि
1.	राजस्थान	अजमेर रेलवे स्टेशन का संयुक्त विकास	2014-15	रेल मंत्रालय	5.52	5.52
2.	राजस्थान	जयपुर रेलवे स्टेशन का संयुक्त विकास	2014-15	रेल मंत्रालय	4.88	3.90
3.	राजस्थान	चित्तौड़गढ़ रेलवे स्टेशन का संयुक्त विकास	2019-20	रेल मंत्रालय	4.99	2.50
4.	राजस्थान	श्री तनोट कॉम्प्लेक्स, जैसलमेर सेक्टर, राजस्थान में सीमा पर्यटन का विकास	2022-23	बीएसएफ	17.68	1.61
5.	राजस्थान	बूंदी के नवल सागर झील में म्यूजिकल फाउंटेन और वॉटर स्क्रीन मल्टीमीडिया आधारित प्रोजेक्शन शो की स्थापना	2023-24	आईटीडीसी	9.26	-

आतिथ्य (डीपीपीएच) योजना सहित घरेलू संवर्धन और प्रचार के तहत मेलों/महोत्सवों और पर्यटन संबंधी कार्यक्रमों के आयोजन के लिए प्रदान की गई वित्तीय सहायता

(लाख रुपये में)

राज्य का नाम	वर्ष	मेलों और महोत्सवों के नाम	स्वीकृत राशि	जारी की गई राशि
राजस्थान	2014-15	राजस्थान राज्य में मेले एवं महोत्सवों और कार्यक्रमों के आयोजन के लिए सीएफए	40.00	40.00

****